स्वर्ण दिल्ली

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 12, अंक 230 नई दिल्ली
मंगलवार, 24 सितंबर 2024, पृष्ठः 8 मूल्यः 5 रुपये

आतिशी ने संभाली दिल्ली की कमान, कैबिनेट की बैठक में ले सकती हैं बड़े फैसले

नई दिल्ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने अपनी कैबिनेट के साथ आज सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले चार महीनों तक मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर रहूंगी, लेकिन अरविंद केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठूंगी।

इससे पहले, शनिवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शपथ ली है।आतिशी ने केजरीवाल सरकार में अपने पास मौजूद 13 विभागों को बरकरार रखा है, जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

पहले ही दिन आतिशी कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकती हैं। दिन भर आज माहौल बदला-बदला रहेगा। एक साल बाद कोई मुख्यमंत्री सचिवालय पहुंचा है। दरअसल, केजरीवाल पांच माह से जेल में थे, इससे पहले भी करीब सात माह से उन्होंने सचिवालय जाना बंद कर दिया था। उसका कारण मुख्यमंत्री कार्यालय में पुनर्निमाण का चल रहा काम भी था।

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को दिल्ली की आठवीं मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई है। शपथ लेने के बाद से आतिशी अपने तेवर में हैं। उसी दिन सीएम

आवास पर प्रेसवार्ता कर उन्होंने जनता को आश्वस्त किया था कि अब दिल्ली वालों के काम नहीं रुकने देंगी।

कहा था कि केजरीवाल अब बाहर हैं तो दिल्लीवालों का न कोई काम रुकेगा और न भाजपा का कोई षड्यंत्र सफल होगा। उनके अनुसार हम केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्लीवालों के साथ मिलकर अस्पतालों में दवाइयां, सड़कें, पानी के बिल व सीवर समेत अन्य समस्याएं ठीक करेंगे।

बता दें कि कांग्रेस की शीला दीक्षित और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सुषमा स्वराज के बाद आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं। महिलाओं में दिल्ली की अभी तक की सबसे कम की मुख्यमंत्री हैं। स्वतंत्र भारत में आतिशी मुख्यमंत्री पद संभालने वाली 17वीं महिला हैं।

एनसीआई में सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए 11 नए पद सृजित

नई दिल्ली। एम्स ने हरियाणा के झज्जर स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (एनसीआई) के लिए सहायक प्रोफेसरों के 11 अतिरिक्त पद सृजित किए हैं। जिसमें पांच पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी के सहायक प्रोफेसरों के पद शामिल हैं। इन डॉक्टरों की नियुक्ति होने से एनसीआर में कैंसर मरीजों की जांच की सुविधा बेहतर होगी। साथ ही पैलिएटिव केयर के डॉक्टरों की संख्या भी बढ़ेगी। इससे पैलिएटिव केयर की सुविधा भी बढ़ेगी। मौजूदा समय में एनसीआई डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। पैथोलॉजी व माइक्रोबायोलॉजी के डॉक्टरों की कमी ज्यादा है। इस वजह से एनसीआई से मरीजों के सैंपल जांच के लिए दिल्ली एम्स में लाने पड़ते हैं। इससे जांच में देरी होती है। डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए एम्स प्रशासन ने डॉक्टरों के नए पद सृजित किए हैं। जिसमें पैथोलॉजी विभाग के तीन व माइक्रोबायोलॉजी विभाग के दो सहायक प्रोफेसरों के पद शामिल हैं। इसके अलावा पैलिएटिव केयर के तीन, प्रिवेंटिव आंकोलाजी के एक, फिजिकल मेडिकल रेहैबिलिटेशन व बायोस्टेटिस्टि के एक पद शामिल है। इन डॉक्टरों की नियुक्ति होने से एनसीआर में जांच व पैलिएटिव केयर की सुविधा बेहतर होने के साथ-साथ कैंसर से बचाव के लिए स्क्रीनिंग की सुविधा भी बढ़ेगी।

Rahul Solanki
9212227666
9818000550

Estate 'N' Builders

RAGHAV

Estate 'N' Builders

SALE•PURCHASE•RENTING•COLLABORATION

A-27, Mansarover Garden, Ground Floor,
New Delhi- 110015

हर्षबन्धु भागी

Construction,
Architects, Interior
Designer, Vaastu,
Town Planner
Engineers,
Finance Advisor

BANDHU ASSOCIATES

3/82, Ramesh Nagar, New Delhi-110015, Tel. 011-25935400
Mo. 9811127690, 7982961736 E-mail: harshbandhu10@gmail.com

BDS® since 1975

MATTRESS HI MATTRESS

Hush,
Serta,
Kingkoil,
Simmons
Nilkamal,
Therapedic

World Class
Mattresses

BDS®

Ms. Parvinder Kaur
9560509507

Visit: 79/3, W.H.S. Kirti Nagar, Delhi - 110015

RNI No. DELHIN/2013/48040 संपादकः सुषमा शर्मा newsswarnadelhi@gmail.com

सम्पादक की कलम से

आस्था से खिलवाड़ कब तक?

हमारे देश के नेता राजनीति के लिए कुछ भी कर सकते हैं। वे तिरुपति के प्रसादम के लड्डुओं का भी राजनीतिक इस्तेमाल कर सकते हैं। प्रसादम के लड्डुओं में चर्बी के इस्तेमाल का मुद्दा भाजपा की सहयोगी टीडीपी ने उठाया। टीडीपी की सरकार ने ही लड्डुओं की जाँच एक प्रयोगशाला में कराई जिससे राजनीति में उबाल आ गया। लड्डू पॉलिटिक्स के मामले में फांसी और सीबीआई जांच तक की मांग हो गई है। दरअसल, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने पिछली जगनमोहन रेड्डी सरकार पर मंदिर के प्रसाद में घी की जगह मछली का तेल और जानवरों की चर्बी मिलाए जाने का आरोप लगाया है और तभी से यह विवाद जारी है। वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष और आंध्र के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने नायडू पर पलटवार करते हुए कहा है कि अपनी सरकार के 100 दिन की नाकामी छुपाने के लिए चंद्रबाबू नायडू भगवान के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। उनके सभी आरोप निराधार हैं। अब इस मामले में देश भर के संतों में भी नाराजगी देखी जा रही है। संत कह रहे हैं कि आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं कर सकते। आप भी जानते हैं और हम भी कि इस देश में जब इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी के हत्यारों को फांसी नहीं हो पाती तो लड्डुओं में चर्बी और मछली का तेल मिलाने वालों को क्या ख़ाक फांसी होगी? हाँ ये तय है कि इस मुद्दे पर अब पोलिटिक्स भरपूर होगी, क्योंकि टीटीडी यानि तिरुपति देवस्थानम के पास अकूत सम्पति है। आंध्रप्रदेश की हर सत्ता इस सम्पति का उपभोग करना चाहती है। लड्डू तो एक बहाना भर हैं। आंध्र प्रदेश में सत्ता बदलते ही 12 जून को तिरुपति मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी की जांच के नमूने लिए गए थे। जांच रिपोर्ट 23 जून तक तैयार हो गई, लेकिन खुलासा सितंबर में हुआ जब नायडू सरकार के 100 दिन पूरे हुए। जो रिपोर्ट सामने आई उसमें लड्डू बनाने वाले घी में जो चीजें पाई गई थीं, वो बताती थी कि इसमें गाय के शुद्ध घी की जगह अन्य तिलहन और वस्पतियों के अलावा मछली के तेल और अन्य जानवरों की चर्बी हो सकती है। ये जांच नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड यानी एनडीडीबी के सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड यानी सीएएलएफ लैब में कराई गई थी। इस सबको जाने दीजिये, क्योंकि लड्डू तो एक बहाना हैं लेकिन असल बात ये है कि देश के राजनीतिक दलों के पास जितना पैसा था और है और आगे होगा उससे कई गुना पैसा तिरुपति के बालाजी भगवान के पास है। तिरुपति के बालाजी भगवान को ये अकूत दौलत देश के अमीर -गरीब भक्तों ने उन्हें स्वेच्छा से भेंट की है। साल 2023 में 773 करोड़ की कीमत का एक हजार 31 किलो सोना भगवान वेंकटेश को चढ़ाया गया। इतना ही नहीं, बालाजी मंदिर का बैंकों में 11 हजार 329 किलो सोना जमा है। मंदिर के नाम से 13 हजार 287 करोड़ रुपए फिक्स डिपॉजिट किया गया है।

सुषमा शर्मा

डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं आपके बच्चे?

आज के डिजिटल परिदृश्य में, बच्चे तकनीक में डूबे हुए बड़े हो रहे हैं। स्मार्टफोन से लेकर टैबलेट, लैपटॉप और गेमिंग कंसोल तक, इंटरनेट उनके जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। जबकि ऑनलाइन दुनिया अंतहीन शैक्षिक और मनोरंजन के अवसर प्रदान करती है, यह बच्चों को विभिन्न जोखिमों के लिए भी उजागर करती है। डिजिटल क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए साइबर सुरक्षा सर्वोपरि है। डिजिटल युग में, बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना तथा सूचना तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करना एक महत्त्वपूर्ण चुनौती है। इंटरनेट के उपयोग में वृद्धि के साथ, बच्चों को सीखने के अवसर और साइबरबुलिंग, शोषण और आपत्तिजनक सामग्री जैसे जोखिम दोनों का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन सुरक्षा को संतुलित करने के लिए कानूनी ढाँचे, माता-पिता के मार्गदर्शन और प्रौद्योगिकी समाधानों को सम्मिलित करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। कई माता-पिता और बच्चों में पर्याप्त डिजिटल साक्षरता का अभाव है, जिससे सुरक्षित रूप से ऑनलाइन मार्गदर्शन प्रदान करना और संभावित जोखिमों को समझना मुश्किल हो जाता है।

भारत में, केवल 40% व्यक्ति बुनियादी डिजिटल कार्य करने में सक्षम हैं, जिससे बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाने के प्रयास जटिल हो जाते हैं। बच्चे अक्सर परिवार के सदस्यों के साथ डिवाइस का साझा उपयोग करते हैं, जिससे उनकी ऑनलाइन गतिविधियों की निगरानी और उन्हें विनियमन करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई ग्रामीण घरों में, साझा फोन के उपयोग से बच्चों द्वारा व्यक्तिगत रूप से उपयोग की गई गतिविधियों को ट्रैक करना असंभव हो जाता है, जिससे उन्हें साइबरबुलिंग जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। कई प्लेटफार्मों पर मजबूत फ़िल्टरिंग तंत्र की कमी के कारण बच्चे अक्सर ऑनलाइन अनुचित सामग्री के संपर्क में आते हैं। यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से बच्चों द्वारा एडल्ट कंटेंट तक पहुँचने की रिपोर्ट ने मजबूत सुरक्षा जरूरतों की आवश्यकता पर बल दिया है। साइबरबुलिंग और ऑनलाइन शोषण में वृद्धि बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न करती है। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में 3 में से 1 बच्चे ने साइबरबुलिंग का सामना किया है, जिसके उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम देखे गए हैं। सरकारों को माता-पिता और बच्चों दोनों के लिए डिजिटल साक्षरता में सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि उन्हें ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से नेविगेट करने में मदद मिल सके। भारत की डिजिटल इंडिया पहल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता को कवर करने के लिए अपने दायरे का विस्तार कर सकती है। तकनीकी प्लेटफॉर्म को मजबूत अभिभावकीय नियंत्रण की सुविधाएँ विकसित करनी चाहिए जो गोपनीयता का उल्लंघन किए बिना बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की बेहतर निगरानी की अनुमति प्रदान करने हैं।

कुछ प्लेटफार्मों पर बच्चों को प्रतिबंधित करने से वे वैकल्पिक उपाय ढूंढने लगेंगे, जिससे प्रतिबंध अप्रभावी हो जाएगा। पहचान से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता वाले आयु सत्यापन सिस्टम गोपनीयता से संबंधित मुद्दे उठाते हैं और अक्सर आवश्यकता से अधिक डेटा एकत्र करते हैं। भारत में, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आयु सत्यापन के लिए आधार के उपयोग ने डेटा के दुरुपयोग के संबंध में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जटिल या कठोर ऑनलाइन नियम अनजाने में हाशिए पर स्थित समुदायों के बच्चों को पहचान से संबंधित दस्तावेजों या डिजिटल संसाधनों तक सीमित पहुँच से वंचित कर सकते हैं। ग्रामीण भारत में, उचित पहचान के बिना बच्चों को सख्त नियमों के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। टेक प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सख्त नियम लागू करने से नवाचार बाधित हो सकता है और वैश्विक फर्मों के लिए संचालन जटिल हो सकता है। गूगल और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने अपने व्यापार मॉडल को प्रभावित करने वाले जटिल कानूनी ढाँचों पर चिंता व्यक्त की है। पहुँच को प्रतिबंधित करने पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने से डिजिटल युग में बच्चों के शैक्षिक अवसरों और कौशल विकास में बाधा आ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक बच्चों की पहुँच उनके कौशल और रोजगार क्षमता को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

यू ट्यूब किड्स जैसे प्लेटफॉर्म स्क्रीन टाइम को मैनेज करने और कंटेंट को प्रतिबंधित करने के लिए कस्टमाइज करने योग्य पैरेंटल कंट्रोल सेटिंग्स प्रदान करते हैं। यूके के आयु-उपयुक्त डिजाइन कोड जैसे कानूनों को अपनाने से यह सुनिश्चित होगा कि तकनीकी प्लेटफॉर्म बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ बच्चों के अनुकूल डिजिटल वातावरण को विकसित करे। भारत में भी इसी प्रकार के दिशा-निर्देश लागू किये जा सकते हैं, जिसके तहत तकनीकी प्लेटफॉर्म को अलग-अलग आयु समूहों के लिए सुविधाओं को संशोधित करने की आवश्यकता होगी। स्कूलों को बच्चों को डिजिटल स्पेस में स्वयं को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा शिक्षा को शामिल करना चाहिए। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूली पाठ्यक्रम में ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल जिम्मेदारी के प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकारों, तकनीकी कंपनियों और नागरिक समाज को बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, साथ ही सूचना तक उनकी पहुँच का अधिकार सुनिश्चित करना चाहिए। भारतीय शिक्षा मंत्रालय और तकनीकी प्लेटफॉर्म के बीच सहयोग से व्यापक बाल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जा सकते हैं।

डिजिटल युग में, ऑनलाइन सुरक्षा और बच्चों के सूचना तक पहुँच के अधिकार के बीच संतुलन बनाना एक जटिल चुनौती बनी हुई है। सहयोगात्मक प्रयासों, डिजिटल साक्षरता में सुधार और आयु-उपयुक्त मजबूत विनियमों को लागू कर, बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बेहतर तरीके से सुरक्षित किया जा सकता है। एक समग्र दृष्टिकोण जिसमें माता-पिता, शिक्षकों, सरकारों और तकनीकी प्लेटफार्मों शामिल हो से वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल स्थान तैयार होंगे। बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा आधुनिक पेरेंटिंग का एक अनिवार्य हिस्सा है। इन तकनीकों को लागू करके, उपयुक्त सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके, और फाइबर ऑप्टिक इंटरनेट के लाभों का लाभ उठाकर, माता-पिता एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बना सकते हैं जहाँ उनके बच्चे डिजिटल दुनिया से जुड़े जोखिमों को कम करते हुए खोज, सीख और मौज-मस्ती कर सकते हैं। आपके बच्चे की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुला संचार और निरंतर शिक्षा आवश्यक है। याद रखें कि सक्रिय कदमों के साथ, आप अपने बच्चों को डिजिटल परिदृश्य को जिम्मेदारी और आत्मविश्वास से नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

Invitin.g Shopperr's
Design Your Dream Attire
- Couture, Clothing & Designer Fabrics
- Rental Wedding, Lehengas, & Gowns
- Exclusive Nail Art
- Designer Mehandi
- Cosmetics

B-20/11, Double Storey, Ramesh Nagar, Delhi | Mob.: 9911294429, 011-45294429

SINCE 1975
KARAN'S
VAISHNO DHABA
MOUTH WATERING CUISINES

Lunch: 11:30am to 4.00pm * Dinner: 7.00pm to 11.00 pm

Food Without Onion & Garlics On Every Navratra

Note:
Please allow extra time for delivery on Suturday, Sunday and Holiday
Rates are subject to change without prior notice
Minimum delivery time 30 min. to 45min
All the items may not be available at all the time
Home delevery charged rs. 20. - within 1km

Home Delevery
8700965740,
9871558873,
9212598873

Spl. In Outdoor Catering

Prince Realtech & Developers
S.B. Malik (Jaggu Ji)
9311906362
011-41421363

SALE
PURCHASE
RENTING
COLLABORATION
AGRICULTURE LAND
FARM LAND
RESIDENTIAL
COMMERCIAL
INDUSTRIAL

B-121AC, Mansarover Garden,
New Delhi-110015

We Positive Care
We Positive Care
Chitragupt Foundation

C186 A , 4th floor hari nagar
clock tower, Pincode 110064

Punnu Biriyani
M:- 093134 07108
punnubiriyani.com

Free Home Delivery
011-25119013,
41447298,
25446671

(Jhatka Used Here)

Note- For Franchise Inquiry,call- 9313407108

DDA LIG Market, Near Cambridge Foundation School,
Rajouri Garden, New Delhi, Delhi 110027
Takeout / Delivery Open Closes 23:30

श्री राधे
श्री गणेशायः नमः

श्री राधिका ज्योतिष शोध संस्थान

ज्योतिष, वास्तु अंक विद्या, हस्त रेखा व लाल किताब,
पीली किताब द्वारा सभी समस्याओं का समाधान

शादी या सन्तान नही होना, नौकरी नही लगना, व्यापार नही चलना
शारीरिक परेशानी या गृह कलेश रहना व अजीब घटनाओं का घटना

आपकी कुण्डली में घटित मांगलिक दोष,
ग्रहण दोष व काल सर्प दोष व अन्य सभी
दोषों के समाधान के लिए सम्पर्क करें।

सभी प्रकार के वैदिक अनुष्ठानों के लिए सम्पर्क करें।

Pt. S.K. Sharma, Vedic Astrolger n Healer!

Thirak Fitness Classes

Be Healthy
Learn YOGA

WEDDING CHOREOGRAPHY & EVENT MANAGEMENT WORKSHOP

Venue : 7/89, Ramesh Nagar
Contact : Mrs. EKTA ABROL
Mob:- 9899900178

- Yoga with Zumba
- Exercise
- Dumble Exercise
- Stepper Exercise
- Abs Workout
- Meditation
- Pranayam

फीजियोथिरेपी सेन्टर

आधुनिक मशीनों से युक्त व कुशल
डॉक्टर की देख रेख में चल रहा है।

समयः प्रात 9 बजे से 12 बजे तक एवं
सायं 5 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

कीर्ति नगर श्री सनातन धर्म सभा (पंजी.)
गीता भवन, कीर्ति नगर, नई दिल्ली- 110015

संजय सिंह ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधा केजरीवाल के 5 सवालों के कोई नहीं दे पाया है जवाब

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे तो सब खामोश हो गए।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल के पांच सवालों के जवाब न तो आरएसएस दे पाया और न ही बीजेपी उन सवालों को जवाब दे पाई। संजय सिंह ने कहा कि इन सवालों के नाम पर हर कोई चुप है।

संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दो बार सीएम पद से इस्तीफा दिया है। कहा कि केजरीवाल ईमानदार है और भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आजाव उठाते हैं। कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहेंगे।

मनीष सिसोदिया ने कहा, जेल में मुझे भाजपा में शामिल होने के संदेश आते थे। इन्होंने मेरे खाते फ्रीज कर दिए, मुझे बेटे की फीस भरने के लिए लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़े।

वर्ष 2002 में पांच लाख रुपये में छोटा सा घर खरीदा था। उसको भी इन्होंने कब्जे में कर लिया। मुझे केजरीवाल से अलग करने के लिए सीबीआई ने कोर्ट में झूठ भी बोला कि उन्होंने सारा आरोप मेरे ऊपर डाल दिया है।

केजरीवाल के पांच सवालों को लेकर आप नेता संजय सिंह ने कहा कि आरएसएस प्रमुख इन सवालों के जवाब कब देंगे। केजरीवाल के सवालों को संजय सिंह ने भी दोहराया।

1. जिस तरह पीएम मोदी लालच देकर और ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर देशभर में सरकारें गिरा रहे हैं, क्या ये लोकतंत्र के लिए सही है, क्या आरएसएस इससे सहमत है?

2. पीएम मोदी ने भ्रष्ट नेताओं को भाजपा में शामिल कराया। अमित शाह ने जिन्हें भ्रष्टाचारी कहा, कुछ दिन बाद उन्हें भाजपा में ले आए। क्या आरएसएस ऐसी राजनीति से सहमत है?

3. भाजपा आरएसएस से पैदा हुई। यह आरएसएस को देखना था कि वह पथ भ्रष्ट न हो। क्या आप भाजपा के कदमों से सहमत हैं, क्या आपने कभी मोदी जी से ये सब न करने के लिए कहा?

4. जेपी नड्डा के लोकसभा चुनाव के समय दिए गए बयान कि भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है, इससे आरएसएस और उसके हर कार्यकर्ता को दुख हुआ या नहीं?

5. 75 वर्ष में रिटायर होने के नियम के तहत लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को रिटायर किया गया। अब अमित शाह कह रहे हैं कि ये पीएम मोदी पर लागू नहीं होगा। क्या आप इससे सहमत हैं?

जनता की अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल, बोले- मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आज अरविंद केजरीवाल जंतर-मंतर पर जनता की अदालत में पहुंचे हैं। अरविंद केजरीवाल जनता की अदालत को संबोधित किया। जनता की अदालत में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अपनी बात रखी। केजरीवाल ने इस्तीफा देते हुए कहा था कि वो जनता की अदालत में जाएंगे। केजरीवाल ने कहा था कि वे सीएम की कुर्सी पर तभी बैठेंगे जब जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र देगी।

जनता की अदालत में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, संगठन मंत्री संदीप पाठक, विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला, मनीष सिसोदिया, विधायक दुर्गेश पाठक, दिलीप पांडे भी पहुंचे हैं। जनता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने अपनी जिंदगी में केवल इज्जत कमाई है। आज जब मैंने इस्तीफा दिया है, कुछ दिन में मैं मुख्यमंत्री आवास खाली कर दूंगा, आज दिल्ली में मेरे पास रहने के लिए घर भी नहीं है। मैंने दस साल में केवल आपका आशीर्वाद कमाया है। मैंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि मैं भ्रष्टाचार करने नहीं आया था, मुझे सत्ता का लालच, सीएम की कुर्सी की भूख नहीं है, मैं पैसे कमाने नहीं आया, पैसे कमाने होते तो मैं इनकम टैक्स की नौकरी करता था, उसमें करोड़ो रुपए कमा लेता बल्कि हम तो देश के लिए आए थे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरे खिलाफ षड्यंत्र रचा गया। मेरे नेताओं को जेल भेजा गया। मैं देश बदलने के लिए आया हूं, मैं कुछ गलत करने नहीं आया। हमें चुनौती दी गई। चुनाव लड़ लो। 2013 में ईमानदारी से चुनाव लड़े। लोग कह रहे थे। उनकी जमानत जब्त होगी। लेकिन पहली बार में ही सरकार बना दी। सरकार बनने के बाद दिल्ली में बिजली, पानी, बस यात्रा फ्री, बच्चों की शिक्ष सब को फ्री कर दिया। भाजपा को लगा कि अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचारी घोषित कर दो। उन्होंने हमारे पार्टी के बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया। जैसे ही नवरात्र आएंगे मैं घर छोड़ दूंगा। आप में से किसी के घर ही आ कर रहूंगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे सबसे कठिन कानून पीएमएलए एक्ट के तहत फंसाया। लोगों ने बताया कि यह बहुत लंबा चलेगा। तब मैंने यह सोचा कि मैं जनता की अदालत में जाऊंगा। मैं भ्रष्टाचार के दाग के साथ जी ही नहीं सकता। मैं दिल्ली की जनता से पूछना चाहता हूं कि अगर मैं बेईमान होता तो क्या मैं दिल्ली में बिजली फ्री कर पाता। बिजली फ्री करने के लिए 3000 करोड़ रुपये लगते हैं।

देश में निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार ने उठाया बड़ा कदम

नई दिल्ली। देश में निवेश के अवसरों की तलाश कर रहे विदेशी निवेशकों को मदद प्रदान करने के लिए भारत की आने वाले महीनों में विभिन्न देशों में कार्यालय खोलने की योजना है। यह बात देश में निवेश को बढ़ावा देने वाले पहले ऐसे कार्यालय का उद्घाटन करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही। उन्होंने कहा कि यह ऑफिस निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए एक संपर्क बिंदु के तौर पर काम करेगा।

उन्होंने कहा कि यह कदम निवेश साझेदारी को गहरा करने और वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के साथ जुड़ना आसान बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को पुष्टि करता है। गोयल ने कहा कि सिंगापुर भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और यह कार्यालय सिंगापुर और दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संघ के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के भारत के प्रयासों में एक नया अध्याय है। सिंगापुर में इस तरह का पहला कार्यालय खोलना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत को वहां से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) प्राप्त होता है। भारत ने 2023-24 में सिंगापुर से 11.77 अरब डालर का एफडीआइ आकर्षित किया। 2018-19 से सिंगापुर भारत के लिए इस तरह के निवेश का सबसे बड़ा स्त्रोत रहा है। 2017-18 में, भारत ने मारीशस से सबसे अधिक एफडीआइ आकर्षित किया था।

डेलाइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कुछ दिनों पहले कहा था कि दुनिया के प्रमुख वित्तीय केंद्रों में से एक सिंगापुर वैश्विक वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सेवा, कंप्यूटर, दूरसंचार और फार्मा क्षेत्रों में स्वस्थ प्रवाह के कारण इस वित्त वर्ष अप्रैल-जून में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 47.8 प्रतिशत बढ़कर 16.17 अरब डालर हो गया।

ANCHAL PLAYWOOD EMPORIUM

DEALS IN:
COMMERCIAL
PLAYWOOD, WATER
PROOF PLAYWOOD, TEEK
PLAYWOOD, PARTICLE
BOOD. M.D.F SUNMICA

SATISH BANSAL
9899786284
989176284

A-205, WHS TIMBER MARKET KIRTI NAGAR, NEW DELHI-15

Metro
WELCOME TO THE
Metro WORLD
IN INDIAN KITCHEN SINCE 1989
AAPKE SWAAD AUR SEHAT
KA RAKHE POORA DHYAAN... !!

Bhagwan Dass & Co
GSTIN: 07AAFPA8352E1Z1
Deals in all kinds of Pressure Cookers, Thermowares, SS Casseroles,
Electrical Appliances, LPG Stoves, Non-Stick & Hard Anodized Cookwares

Address : 4759 Deputy Gunj, Sadar Bazar, Delhi - 110006
Mb : 93108-44445, 7-99999-666-2, 93122-44445, 0112-363-2899
Website : kunal9agg.wixsite.com/metrocookers
Bank Details:
Kotak Mahindra Bank: 0711364149 / IFSC Code: KKBK0000207
AU Small Finan Bank: 1921210323810933 / IFSC Code : AUBL0002103

Aishanya
Aesthetic Centre
Skin/Cosmatic/Hair/Laser Treatment

Unwanted Hair Gone Forever
with the world's leading
Laser Technology

Rhinoplasty Surgery

Acne/Scars/Pigmentation Removal
With World Best Derma Technology
Rhinoplasty & Fillers Expert

Hair-Loss
Painless Process

Face Fillers

Breast Augmentation
Non-Surgical

Dr. Saloni Sinha
M.B.B.S, M.S.(ENT), F.A.M.
Rhinoplasty Expert
DMC No. 57646

Fat Reduction
Surgical
Non-surgical

For Book Appoinment Call 7836863883
A2/108, Prabhu Specialist Clinic, Room No.1, Major Deepak Tyagi Marg, Janakpuri Delhi-58

पितरों से पाना चाहते हैं आशीर्वाद तो जरूर अपनाएं ये वास्तु उपाय

पितृ पक्ष हिंदू कैलेंडर के छठे महीने भाद्रपद महीने में आता है और इसे बहुत महत्वपूर्ण समय माना जाता है। पितृपक्ष की अवधि 16 दिनों की होती है। इस दौरान तिथि के आधार पर लोग अपने पूर्वजों की मानसिक शांति के लिए उनका श्राद्ध और तर्पण करते हैं।

ऐसा माना जाता है कि तर्पण करने से पितरों को भोजन और जल प्राप्त होता है, जिससे उन्हें खुशी मिलती है और उनके परिवार पर आशीर्वाद बना रहता है। वास्तु शास्त्र में पितृपक्ष के बारे में काफी उल्लेख मिलता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप अपने पितरों का आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो आपको पितृ पक्ष के दौरान कुछ वास्तु उपाय अपनाने होंगे। आइए जानते हैं इन उपायों के बारे में।

इस दिशा में करें तर्पण

पितृ पक्ष के दौरान अपने पूर्वजों के लिए श्राद्ध या तर्पण करते समय दिशा का ध्यान रखें। वास्तु शास्त्र के अनुसार, दक्षिणी दिशा यमराज की है, जो दिवंगत लोगों की आत्माओं के संरक्षक भी हैं। इसलिए इस दिशा में तर्पण और श्राद्ध करना चाहिए लेकिन ध्यान रखें कि इस दौरान दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके न सोएं।

गाय, कौए और कुत्ते को भोजन दें

पितृ पक्ष के दौरान कुछ लोग कौवों को खाना खिलाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौओं को पितरों का दूत माना जाता है और अगर आप उन्हें भोजन कराएंगे तो पितर संतुष्ट और खुश रहेंगे। इसके अलावा इन दिनों आप गाय और कुत्तों को भी खाना खिला सकते हैं। यह अपने साथ पितरों का आशीर्वाद भी लेकर आता है।

पौधे लगाने की दिशा

वास्तु शास्त्र के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पवित्र पौधे लगाने चाहिए। इसमें पीपल या तुलसी भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि पीपल को केवल दक्षिण-पश्चिम दिशा में ही लगाना चाहिए। यदि आप इन पौधों को एक ही समय में मंदिरों और आसपास रोपते हैं, तो आपके पूर्वज तुरंत प्रसन्न होंगे और आपके परिवार पर हमेशा आशीर्वाद बनाए रखेंगे। यदि आप तुलसी का पौधा लगाना चाहते हैं तो इसे ईशान कोण या उत्तर-पूर्व में लगाएं।

मांगलिक की शादी मांगलिक से ही हो सकती है

आज भी जब किसी स्त्री या पुरुष के विवाह के लिए कुंडली का मिलान किया जाता है तो सबसे पहले देखा जाता है कि वह मांगलिक है या नहीं। ज्योतिष के अनुसार यदि कोई व्यक्ति मांगलिक है तो उसकी शादी किसी मांगलिक से ही की जानी चाहिए, इसके पीछे कई धारणाएं बनाई गई हैं।

ज्योतिष के अनुसार मांगलिक लोगों पर मंगल ग्रह का विशेष प्रभाव होता है, यदि मांगलिक शुभ हो तो वह मांगलिक लोगों को मालमाल बना देता है। मांगलिक व्यक्ति अपने जीवनसाथी से प्रेम-प्रसंग के संबंध में कुछ विशेष इच्छाएं रखते हैं, जिन्हें कोई मांगलिक जीवनसाथी ही पूरा कर सकता है इसी वजह से मंगली लोगों का विवाह किसी मंगली से ही किया जाता है।

कौन होते है मांगलिक?

कुंडली में कई प्रकार के दोष बताए गए हैं, इन्हीं दोषों में से एक है मांगलिक दोष। यह दोष जिस व्यक्ति की कुंडली में होता है वह मांगलिक कहलाता है जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली के 1, 4, 7, 9, 12वें स्थान या भाव में मंगल स्थित हो तो वह व्यक्ति मांगलिक होता है।

मांगलिक लोगों की खास बातें

मांगलिक होने का विशेष गुण यह होता है कि मांगलिक कुंडली वाला व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाता है, कठिन से कठिन कार्य वह समय से पूर्व ही कर लेते हैं, नेतृत्व की क्षमता, उनमें जन्मजात होती है, ये लोग जल्दी किसी से घुलते-मिलते नहीं परन्तु जब मिलते हैं तो पूर्णतः संबंध को निभाते हैं। अति महत्वकांक्षी होने से इनके स्वभाव में क्रोध पाया जाता है परन्तु यह बहुत दयालु, क्षमा करने वाले तथा मानवतावादी होते है, गलत के आगे झुकना इनकी पसंद नहीं होता और खुद भी गलती नहीं करते। ये लोग उच्च पद, व्यवसायी, अभिभावक, तांत्रिक, राजनीतिज्ञ, डॉक्टर, इंजीनियर सभी क्षेत्रों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हैं।

क्यों नहीं मिलने चाहिए 36 गुण?

कुंडली के हिसाब से शादी करने वाले लागे लड़के और लड़की का गुण मिलान करते हैं। 36 गुण होते हैं और जितने गुण मिल जाएं उतना अच्छा माना जाता है। शादी के लिए कम से कम 18 गुण मिलना जरूरी होता है इससे कम गुण मिलना या 36 गुण मिलना सही नहीं माना जाता क्योंकि भगवान राम और माता सीता के 36 गुण मिले थे। लेकिन शादी के बाद सीताजी को रामजी का साथ बहुत कम मिला, उनका वैवाहिक जीवन सुखी नहीं रहा, इसलिए मेरा मानना है कि अति हमेशा बहुत बुरी होती है चाहे वह गुण का मिलना ही क्यों न हो।

क्या मांगलिक की शादी गैर मांगलिक से हो सकती है?

मांगलिक लड़के और लड़की की शादी को लेकर समाज में बहुत सारे अंधविश्वास फैले हुए हैं। इसलिए लड़का या लड़की अगर मांगलिक हो तो माता-पिता के लिए उनकी शादी परेशानी का सबब बन जाती है। लेकिन मेरा मानना है कि लड़का और लड़की अगर मांगलिक हैं तो राहु, केतु और शनि की स्थिति पर निर्भर करता है कि शादी गैर मांगलिक से होगी या नहीं। लड़का अगर मांगलिक है तो उसकी शादी उस गैर मांगलिक लड़की से हो सकती है जिसके राहु, केतु और शनि दूसरे, चैथे, सांतवें, आंठवें और बाहरवें भाव में बैठे हों, लेकिन अगर राहू केतू और शनि इन भावों में नहीं हैं तो उसकी शादी मांगलिक से नहीं हो सकती। यूं तो ऐसे जातक का उपाय तो कुछ नहीं है लेकिन कुछ लोग कहते हैं कि 28 साल के बाद मंगल का प्रभाव खत्म हो जाता है लेकिन मेरे गुरु कहते हैं कि यह ताउम्र रहता है।

कलपेश्वर: धार्मिक यात्रा के साथ पर्यटक भी

पंच केदार का सबसे आखिरी मंदिर है कलपेश्वर मंदिर। यही एक ऐसा पवित्र मंदिर है, जिसके पट पूरे साल खुले रहते हैं। यहां के मंदिर में मुख्य भगवान के रूप में विराजमान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है। यहां पहुंचने के लिए घने जंगलों और मैदान से गुजरना पड़ता है। यहां बेहद ही पुराना कलपेश्वर वृक्ष है। कहा जाता है कि इस वृक्ष से जो भी मुराद मांगो वह पूरी होती है।

समुद्र तल से 2, 134 मीटर की ऊंचाई पर कलपेश्वर चमोली के अरगम जिले में है। हेलांग से 11 किलोमीटर दूर इस जगह पर यहां से ट्रैकिंग कर पहुंचा जा सकता है। दिल्ली से 475 किलोमीटर दूर और दो किलोमीटर की ट्रैकिंग कर यहां पहुंचा जा सकता है।

पांडवों को क्षमादान दने से बचने के लिए जब भगवान शिव बैल का रूप धर भूमिगत हो गए थे तो उनके शरीर के कई अंग जमीन के ऊपर ही रह गए थे। कलपेश्वर में भी उनके एक भाग की पूजा होती है।

कलपेश्वर में और भी कई जगह घूमा जा सकता है। इसके आसपास कई ऐसी जगह हैं, जो बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

रुद्रप्रयाग मंदिर- भगवान शिव का पंचकेदार में एक मंदिर यह भी है। यहां भगवान शिव को उनके मोहक चेहरे के रूप में पूजा जाता है। 2286 मीटर की ऊंचाई पर स्थित रुद्रनाथ मंदिर में सग्गार से 21 किलोमीटर की ट्रैकिंग कर यहां पहुंचा जा सकता है। वैसे यह गांव कलपेश्वर से बस दस किलोमीटर की दूरी पर है।

जोशीमठ- यह बहुत ही छोटा तीर्थस्थल है मगर चमोली जिले का सबसे महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पर आदि शंकराचार्य की बनाई चार मुख्य संस्थाएं हैं। साथ ही यह भगवान बद्रीनाथ की प्रतिमाएं भी देखी जा सकती हैं। ठंड के दिनों में तो ये संस्थाएं भगवान का घर बन जाती हैं।

चोपता- चोपता को मिनी स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। कलपेश्वर से 23 किलोमीटर दूर यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं। साल भर यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है। साहसिक खेलों के शौकीनों के लिए यह पसंदीदा जगह है। सर्दियों के दौरान यहां की प्राकृतिक सुंदरता देखने बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

नजदीकी हवाई अड्डा जॉली ग्रांट एयरपोर्ट है जो कलपेश्वर से 267 किलोमीटर की दूरी पर है जबकि नजदीकी रेलवे स्टेशन ऋषिकेश जोशीमठ से 251 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां आने के लिए सड़क यातायात का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कलपेश्वर पूरे साल में कभी भी जाया जा सकता है।

गुरु सचिन से होती थी तुलना, गुस्से की वजह से डूबा करियर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। उनका जन्म 1985 में आंध्र प्रदेश के गुंटूर में हुआ था। रायडू ने भारतीय टीम के लिए 16 साल की उम्र में डेब्यू किया था, लेकिन वह ज्यादा मुकाबले भी नहीं खेल सके। वजह रही उनका गुस्सा, जिसकी वजह से उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ा और डेब्यू में भी देरी हुई।

वह अपने क्रिकेट करियर में ज्यादा सुर्खियों में अपने गुस्से की वजह से ही रहते थे। वह अगर गुस्सा नहीं करते तो उनकी गिनती आज धोनी-विराट जैसे दिग्गजों में की जाती। रायडू का इंटरनेशनल करियप सिर्फ 6 सालों में ही खत्म हो गया। डेब्यू में देरी के बावजूद रायडू टेस्ट या कोई विश्व कप मैच नहीं खेल सके।

दरअसल, अंबाती रायडू ने सिर्फ 16 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास में हैदराबाद की तरफ

से डेब्यू किया था। 2004 अंडर 19 विश्व कप के बाद रणजी ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा। इस दौरान उनका झगड़ा हैदराबाद के कोच राजेश यादव से हुआ और वह टीम को छोड़कर आंध्र प्रदेश के लिए खेलने चले गए।

रणजी के मैच के दौरान हैदराबाद के प्लेयर्स से उनकी लड़ाई हो गई। उन पर अर्जुन यादव ने स्टंप से उन पर हमला कर दिया था।

2007 में रायडू बीसीसीआई से बगावत करके सुर्खियों में रहे। बीसीसीआई की बिना इजाजत के वह इंडियन क्रिकेट लीग में खेलने चले गए, जिसके लिए उन्होंने बाद में गलती स्वीकार भी की थी।

फिर से उन्होंने घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया और उन्हें वहां से आईपीएल और टीम इंडिया में एंट्री मिली। आईपीएल 2010 में रायडू को मुंबई इंडियंस ने 12 लाख रुपये में खरीदा और अंबाती टीम के लिए मैच विनर साबित हुए। आईपीएल में खेलते वक्त उनकी जहीर खान और हरभजन सिंह से लड़ाई हुई, जिसके चलते फिर उनका नाम सुर्खियों में आया। 2013 में उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिला। इस मैच में उन्होंने 84 गेंदों पर 63 रन बनाए। इसके बाद वह टीम के अंदर बाहर होते रहे। रायडू ने 27 साल की उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा उम्र में डेब्यू मैच में अर्धशतक लगाने वाले रायडू बल्लेबाज बने थे।

2019 में रायडू ने भारत के लिए अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलने के बाद उन्होंने संन्यास का एलान कर दिया था।

2019 विश्व कप के लिए रायडू की जगह टीम में ऑलराउंडर विजय शंकर को शामिल किया गया था। मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने शंकर को थ्री डी प्लेयर बताया और चयन का सही ठहराया, जिसके बाद रायडू ने ट्वीट किया था कि मैंने थ्री डी चश्मा ऑर्डर किया है जिससे विश्व कप देखूंगा।

अगर बात करें रायडू के इंटरनेशनल करियर की तो उन्होंने 55 वनडे मैच में 3 शतक और 10 अर्धशतक की मदद से कुल 1694 रन बनाए, जबकि टी20 के 6 मैच की पांच पारियों में 42 रन बनाए।

प्रभात का 'पंजा', रचिन की मेहनत गई बेकार

नई दिल्ली। श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच गॉल में खेला गया। इस मैच में मेजबान श्रीलंका ने 63 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 275 रनों का टारगेट मिला, जिसका पीछा करते हुए टीम खेल के पांचवें दिन 211 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंकाई टीम की तरफ से जीत के हीरो स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे, जिन्होंने मैच में दोनों पारियों को मिलाकर कुल 9 विकेट झटके। इस जीत के साथ ही श्रीलंकाई टीम ने टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला 26 सितंबर से खेला जाना है।

दरअसल, मैच की चौथी पारी में न्यूजीलैंड की तरफ से रचिन रवींद्र ने टीम की पारी को संभालने की जिम्मेदारी उठाई, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। रवींद्र ने 168 गेंदों का सामना करते हुए 92 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और एक छक्का शामिल रहा। इसके अलावा टॉम और टॉम ब्लंडेल ने 30-30 रनों की पारी खेली। श्रीलंका की तरफ से प्रभात जयसूर्या ने पांच विकेट लिए। वहीं, स्पिनर रमेश को तीन सफलता मिली।

इससे पहले श्रीलंका ने दूसरी पारी में 309 रन बनाए थे। दिमुथ करुणारत्ने के बल्ले से

83 रन निकले। दिनेश चांदी मेल ने 61 रन और एंजेलो मैथ्यूज ने 50 रन की पारी खेली। कीवी स्पिनर एजाज पटेल ने 6 विकेट लिए। वहीं, विलियम ओ'रूर्के ने 3 विकेट हासिल किए। मुकाबले में टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 305 रन बनाए थे। कामिंदु मेंडिस ने 114 रन की पारी खेली। कामिंदु ने 173 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके अपनी पारी में लगाए। न्यूजीलैंड की तरफ से तेज गेंदबाज विलियम ने पांच विकेट लिए थे, जबकि ग्लेन और एजाज को दो-दो सफलता मिली थी।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 340 रन बनाए। पहली पारी के आधार पर उन्होंने श्रीलंका पर 35 रनों की बढ़त ली, लेकिन दूसरी पारी में वह 275 रन का पीछा करने में नाकाम रही।

अब न्यूजीलैंड की टीम को दूसरा मैच श्रीलंका के खिलाफ 26 सितंबर से खेलना है। इसके बाद कीवी टीम को 16 अक्टूबर से भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

न्यूजीलैंड पर मिली जीत के बाद श्रीलंका को बंपर फायदा

नई दिल्ली। न्यूजालैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में श्रीलंकाई टीम को63 रन से जीत मिली। इस मैच में मिली जीत के बाद श्रीलंकाई टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में फायदा हुआ।

श्रीलंकाई टीम अब चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 की विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की टीम टॉप 3 से बाहर हो गई। भारतीय टीम पहले स्थान पर मौजूद है और दूसरे स्थान ऑस्ट्रेलियाई टीम बरकरार है।

दरअसल, श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड के इस मैच से पहले श्रीलंकाई टीम चौथे स्थान पर थी और टीम का जीत प्रतिशत 42.86 काथा, लेकिन अब जीत प्रतिशत बढ़कर 50 फीसदी हो गया। न्यूजीलैंड की टीम का जीत प्रतिशत अब घटकर 42.86 हो गया है।

भारत और बांग्लादेश के बीच चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच के नतीजे से श्रीलंकाई टीम को फायदा हुआ था। भारत की जीत के बाद श्रीलंकाई टीम पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गई थी। अगर बात करें मैच की तो श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर

पहले बैटिंग का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए श्रीलंका ने पहली पारी में 305 रन बना लिए थे। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 340 रन ही बना सकी।

पहली पारी में श्रीलंका की टीम 309 रन ही बना सकी और 275 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की 211 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका की जीत के हीरो रहे स्पिनर प्रभात जयसूर्या, जिन्होंने मैच में कुल 9 विकेट लिए। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अब सीरीज का दूसरा और आखिरी मैच 26 सितंबर को गॉल में ही खेला जाएगा।

हार्दिक ने कस ली कमर, क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में जल्द ही करेंगे कमबैक!

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। हार्दिक पांड्या का हाल ही में एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रेड बॉल के लिए हार्दिक कड़ी मेहनत करते हुए नजर आ रहे हैं।

बता दें कि हार्दिक पांड्या के साथ फिटनेस की समस्या रहती है और इसी वजह से बीसीसीआई उन्हें टेस्ट क्रिकेट में मौका नहीं देता। उन्होंने भारत के लिए आखिरी टेस्ट 6 साल पहले 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। भारत के लिए खेले 11 टेस्ट में उनके नाम 17 विकेट और 532 रन हैं।

2018 के बाद ही हार्दिक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी नजर नहीं आए हैं। साल 2018 में उन्होंने मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला था। इसके बाद अब 6 साल बाद हार्दिक टेस्ट में वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। दरअसल, हार्दिक पांड्या हाल ही में लंदन में थे, जहां उन्होंने आईपीएल

में गुजरात टाइटंस के सहायक कोच नईम अमीन की निगरानी में माइटली विलो क्रिकेट एकेडमी में ट्रेनिंग में हिस्सा लिया। वायरल वीडियो में पांड्या को रेड बॉल क्रिकेट से ट्रेनिंग करते हुए देखा जा रहा है। ये वीडियो नईम अमीन ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है।

उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा है कि पिछले कुछ हफ्तों में हार्दिक के साथ काम करना कितना शानदार अनुभव रहा। हमने कई चीजों पर काम किया और मैं भविष्य में उनकी प्रगति देखने के लिए उत्साहित हूं। मैंने जितने भी हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों के साथ काम किया है, मैं हार्दिक की बहुत सराहना करता हूं कि उन्होंने अपने खेल पर इनपुट देने के लिए मुझ पर भरोसा किया है। बहुत बढ़िया, और शुभकामनाएं, भाई!

दरअसल, हार्दिक पांड्या और नताशा स्टानकोविच ने आपसी सहमति से तलाक का फैसला लिया। तलाक के बाद नताशा अगस्त्य को लेकर अपने घर चले गई थी। इसके बाद अब नताशा बेटे के साथ वापस मुंबई आई और बेटे अगस्तय से मिलकर हार्दिक की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें हार्दिक बेटे अगस्त्य को गोद में लिए नजर आए।

अनुष्का ने मिस यूनिवर्स इंडिया के फाइनल्स में जगह बना रचा इतिहास

हिमाचल प्रदेश के रोहडू की 22 वर्षीय अनुष्का दत्ता ने पहाड़ी राज्य के नाम एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के राष्ट्रीय फाइनल्स में अनुष्का ने जगह बनाई है। हिमाचल प्रदेश की पहली ऐसी प्रतिभागी बनने का गौरव हासिल करने वाली अनुष्का मौजूदा में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बी.एड की पढ़ाई कर रही हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि समूचे हिमाचल के लिए गर्व के क्षण है, क्योंकि इससे पहले हिमाचल प्रदेश से किसी ने भी इस प्रतिष्ठित मंच पर राष्ट्रीय स्तर तक की यात्रा तय नहीं की थी।

यह अलग बात है कि हिमाचल प्रदेश के चिंतपूर्णी क्षेत्र की रहने वाले महक चंदेल मिस इंग्लैंड 2024 के ग्रैंड फिनाले की फाइनलिस्ट बनी थी। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली हिमाचली युवती थी। सौंदर्य जगत में हिमाचल प्रदेश को नई पहचान दिलाने वाली महक, विदेशी धरती पर कई बार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। मिस इंग्लैंड 2024 का फिनाले 16 और 17 मई को लंदन में आयोजित हुआ था।

अनुष्का दत्ता का यह सफर आसान नहीं था। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य से फैशन और ग्लैमर जगत में बहुत कम प्रतिनिधित्व होता है। उन्होंने अपने आत्मविश्वास और संकल्प के बल पर मिस यूनिवर्स इंडिया के मंच तक का सफर तय किया। एक छोटे से शहर से यह साबित कर दिया कि अगर लगन और मेहनत हो, तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। शिक्षा स्नातक की पढ़ाई कर रही अनुष्का ने हमेशा से शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक रही हैं। उनकी यह सोच न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायक रही, बल्कि उनके इस सफर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मिस यूनिवर्स इंडिया जैसी प्रतियोगिताओं में न केवल शारीरिक सुंदरता देखी जाती है, बल्कि प्रतिभागियों का आत्मविश्वास, संवाद शैली, और वैश्विक मुद्दों के प्रति उनकी जागरूकता भी महत्वपूर्ण मापदंड होते हैं। अनुष्का ने इन सभी मापदंडों को न सिर्फ पूरा किया, बल्कि अपने व्यक्तित्व और विचारों से हर किसी का ध्यान खींचा। उनका आत्मविश्वास और विचारशीलता यह दिखाता है कि वह सिर्फ सुंदरता ही नहीं, बल्कि एक मजबूत व्यक्तित्व की भी धनी हैं।

'सौंदर्य के साथ आत्मविश्वास' की जो परिभाषा मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में दी जाती है, अनुष्का उसका एक जीता-जागता उदाहरण हैं।

आयुष्मान खुराना ने अपने आगामी सॉन्ग जचदी का नया पोस्टर रिलीज़ किया

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपने आगामी गाना जचदी का नया पोस्टर रिलीज़ किया है। आयुष्मान खुराना ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने नए गाने जचदी का पोस्टर शेयर कर फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। यह गाना 27 सितंबर 2024 को रिलीज़ होने जा रहा है और इसमें पश्मीना रोशन भी नज़र आएंगी। नवरात्रि के इस खास मौके पर यह गाना गरबा के दौरान झूमने पर मजबूर करेगा। हाल ही में आयुष्मान ने भारतीय परिधान में एक तस्वीर शेयर की थी, जिसके बाद फैंस उनकी अगली परियोजना को लेकर काफी उत्सुक हो गए और इस बारे में कयास लगाने लगे।

AHUJA ASSOCIATES
Sale | Purchase | Ranting
Collaboration
Divya 9910147454
Mayur 8506941496
Neeraj Gosain 9910258008
7303818886
DIVYA BUILDERS
598, Main Market Ramesh Nagar, New Delhi-110015

Sawariya Fashion
Exclusive Designer Suits, Legenga, Gawan, Co- Ords Set, Blouse, Kurtis, Plaza Pant, Etc.
3/22, Ramesh Nagar, New Delhi-110015
(Near Handa Chemist)
M: 9990618886, 9810618886

KBT
FULFILLING PROMISES
KAMAL
BUILDTECH (P) LTD.
F-29, Central Market, Kirti Nagar, New Delhi-110015
Mob.9990054006, 9310054006

GLAMOUR FURNISHERS
2/2, Furniture Block, Kirti Nagar Industrial Area, Kirti Nagar, New Delhi, Delhi, 110015
011 4142 4680
LEGACY BY NATIONAL
Shop No. 26, Furniture Block, Kirti Nagar Industrial Area, Kirti Nagar, New Delhi, Delhi, 110015

स्वामिधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सुषमा शर्मा द्वारा दिव्य ऑफसेट प्रिंटर्स, बी-1422 दुर्गा मंदिर, न्यू अशोक नगर, नई दिल्ली-110096 से मुद्रित कराकर बी-5/184, रोहिणी सेक्टर-11 नई दिल्ली से प्रकाशित।
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के उत्तरदायी। RNI No. DELHIN/2013/48040, संपर्क 8826286868